Schedule XLII-High Court No.(J) 9[Old(M)164]

FORM OF ORDER SHEET

# IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, PURNEA.

## L.D.Appeal Case No.- 88 /2026-27

**Babuji Marandi & Ors. …………………………………… Appellant.**

**Versus**

**Bitka Hansda …………………………………………Respondent.**

| Serial No. | Date of order of proceeding. | Order with signature of the court. | Office action taken with date |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | **05.09.2026** | यह अपील न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, धमदाहा द्वारा बी0एल0डी0आर0 वाद सं0–47/2024–25 में दिनांक–27.06.2026 को पारित आदेश के विरूद्ध दायर किया गया है। विलंब क्षांत हेतु पृथक आवेदन दाखिल है।<br>सुनवाई में अपीलार्थी अनुपस्थित। अभिलेख तथा निम्न न्यायालय आदेश का अवलोकन किया। उभय पक्ष के बीच एक ही खेसरा के कुछ भाग पर दखल–कब्जा को लेकर विवाद है। भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, धमदाहा द्वारा अंचल अधिकारी, रूपौली को आदेश दिया गया कि प्रश्नगत वाद भूमि में उभय पक्ष को विधिवत सूचना निर्गत करते हुए दस्तावेजीय साक्ष्य की सत्यता के आधार पर अंचल अमीन से मापी कराते हुए अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। अपीलार्थी निम्न न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में अंचल अधिकारी, रूपौली से अनुतोष प्राप्त करें। अंचल अधिकारी, रूपौली को निदेश दिया जाता है कि उभय पक्ष की उपस्थिति में दस्तावेजीय साक्ष्य के आधार पर प्रश्नगत भूमि का मापी कराते हुए विधि सम्मत कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।<br>अतः उपरोक्त के आलोक में वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।<br>लेखापित एवं संशोधित<br>आयुक्त,<br>पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।<br>आयुक्त,<br>पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया। | |

आयुक्त न्यायालय पूर्णिया प्रमण्डल, पूर्णिया